# तुमसे ही मिली खुशियां तुमसे ज़िंदगानी है भजन लिरिक्स

तुमसे ही मिली खुशियां,
तुमसे ज़िंदगानी है,
जो कुछ भी मैं हूँ बाबा,
तेरी मेहरबानी है,
तुमसे ही मिली खुशियाँ,
तुमसे ज़िंदगानी है।bd।

तर्ज – एक प्यार का नगमा।

---

सुना मेरा जीवन था,
तू बन के बहार मिला,
मेरी नाव भंवर में थी,
बनके पतवार मिला,
पहले गम के आंसू थे,
अब खुशियों का पानी है,
जो कुछ भी मैं हूँ बाबा,
तेरी मेहरबानी है,
तुमसे ही मिली खुशियाँ,
तुमसे ज़िंदगानी है।bd।

---

कल तक जो ना बदला था,
तूने आज बदल डाला,
तूने मेरे जीने का,
अंदाज बदल डाला,
कल तक गम की रातें थी,
अब भोर सुहानी है,
जो कुछ भी मैं हूँ बाबा,
तेरी मेहरबानी है,
तुमसे ही मिली खुशियाँ,
तुमसे ज़िंदगानी है।bd।

---

कुछ और नही चाहूँ,
बस तुझमे ध्यान रहें,
तेरे चरणों में हरदम,
मेरा स्थान रहे,
तेरी छाया में जीवन की,
हर सांस बितानी है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जो कुछ भी मैं हूँ बाबा,
तेरी मेहरबानी है,
तुमसे ही मिली खुशियाँ,
तुमसे ज़िंदगानी है।**bd**।

---

मुझे ऐसी सेवा मिली,
ऐ श्याम तेरे कारण,
मैं रोज ही करता हूँ,
तेरे नाम का उच्चारण,
तेरी किरपा पे बलिहारी,
'रजनी राजस्थानी' है,
जो कुछ भी मैं हूँ बाबा,
तेरी मेहरबानी है,
तुमसे ही मिली खुशियाँ,
तुमसे ज़िंदगानी है।**bd**।

---

जीवन का हर सपना,
तुमने साकार किया,
मुझ जैसे निर्गुण को,
तूने कितना प्यार दिया,
तूने लिख दी मोहब्बत से,
'सोनू' की कहानी है,
जो कुछ भी मैं हूँ बाबा,
तेरी मेहरबानी है,
तुमसे ही मिली खुशियाँ,
तुमसे ज़िंदगानी है।**bd**।

---

तुमसे ही मिली खुशियां,
तुमसे ज़िंदगानी है,
जो कुछ भी मैं हूँ बाबा,
तेरी मेहरबानी है,
तुमसे ही मिली खुशियाँ,
तुमसे ज़िंदगानी है।**bd**।

स्वर – रजनी राजस्थानी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com